ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 23


## अश्लील गाने पर घिरे संजय दत्त ने मांगी बिना शर्त माफी, 50 आदिवासी बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने का ऐलान



**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली। फिल्मी दुनिया के चर्चित अभिनेता संजय दत्त विवादित गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर उठे अश्लीलता के आरोपों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) के समक्ष पेश हुए और बिना शर्त माफी मांग ली। आयोग ने गाने में महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक कंटेंट और यौन संकेतों को लेकर स्वतः संज्ञान लेते हुए संजय दत्त, नोरा फतेही सहित फिल्म से जुड़े अन्य लोगों को समन जारी किया था।

"लिरिक्स समझ नहीं पाए" — दत्त

दिल्ली स्थित आयोग कार्यालय में पेशी के बाद संजय दत्त के वकील ने बताया कि गाना मूल रूप से दूसरी भाषा में रिकॉर्ड हुआ था, जिससे अभिनेता को हिंदी लिरिक्स की गंभीरता का अंदाजा नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए आयोग और महिलाओं से खेद व्यक्त किया।

सामाजिक पहल: 50 बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा माफी के साथ ही संजय दत्त ने एक अहम सामाजिक घोषणा करते हुए 50 आदिवासी बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाने का संकल्प लिया। आयोग ने इस पहल को रिकॉर्ड पर लेते हुए इसे सकारात्मक कदम माना।

### NCW का सख्त रुख

आयोग का कहना है कि गाने के बोल और प्रस्तुति पहली नजर में आपत्तिजनक और अशोभनीय हैं। मामले को भारतीय न्याय संहिता (BNS), आईटी एक्ट और पोक्सो एक्ट के संभावित उल्लंघन से भी जोड़ा गया। विवाद बढ़ने के बाद गाने का लिरिकल वीडियो यूट्यूब से हटा दिया गया। कन्नड़ फिल्म 'केडी: द डेविल' के इस गाने में डबल मीनिंग शब्दों और प्रस्तुति को लेकर विवाद खड़ा हुआ था। हालांकि बाद में गाने में इन शब्दों का संदर्भ बदला गया, लेकिन तब तक विरोध तेज हो चुका था। नोरा फतेही ने भी सोशल मीडिया पर स्पष्ट किया कि वे ऐसे कंटेंट का समर्थन नहीं करतीं।

## चांदी 278 बढ़कर 2.44 लाख किलो पर पहुंची:10 ग्राम सोना 1.51 लाख का हुआ, इस साल 18 हजार महंगा हो चुका



**24 न्यूज अपडेट**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 27 अप्रैल को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार एक किलो चांदी 278 रुपए महंगी होकर 2,44,103 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,43,825 रुपए प्रति किलो थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 16 रुपए महंगा होकर 1,51,495 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 23 अप्रैल को इसकी कीमत 1,51,479 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

## अनिल निनामा हत्याकांड में सरपंच की गिरफ्तारी की मांग, एसपी ऑफिस के बाहर धरना



**24 न्यूज अपडेट**

बांसवाड़ा। घाटोल क्षेत्र के बहुचर्चित अनिल निनामा हत्याकांड को लेकर सोमवार को भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने बांसवाड़ा कलेक्ट्रेट स्थित एसपी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन राजनीतिक दबाव में सागवारी सरपंच प्रकाश निनामा को बचा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि मृतक के भाई व भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के पूर्व विधायक प्रत्याशी अशोक निनामा के परिवार को जान का खतरा है। मोर्चा ने इस घटना को प्रेम-प्रसंग नहीं बल्कि सुनियोजित राजनीतिक हत्या बताया। जिला संयोजक राजेश वसुनिया ने चेतावनी दी कि 7 दिन में निष्पक्ष जांच नहीं होने पर मामला उच्च न्यायालय ले जाया जाएगा। उन्होंने सरपंच प्रकाश निनामा और गणेश को मुख्य आरोपी बनाने, आरोपियों की कॉल डिटेल्स (CDR), लोकेशन व IPDR सार्वजनिक करने, एफआईआर में धाराएं बढ़ाने, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई तथा पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग रखी। धरने में बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल, अशोक भील, जसवंत सिंह, बबीता सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग और बीएपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य रोड शो, 12 किमी तक उमड़ा जनसैलाब, स्वागत में फूलों की बारिश, मंत्री बेढम घायल



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के जयपुर दौरे के दौरान सोमवार को एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा कार्यालय तक करीब 12 किलोमीटर लंबा भव्य रोड शो निकाला गया। रास्ते में 11 स्वागत मंच बनाए गए, जहां विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों, मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनका स्वागत किया। स्वागत मंच पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाया, वहीं 101 किलो की माला पहनाकर और गदा भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़कर फूलों की वर्षा की, जबकि कई स्थानों पर कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य और भजन प्रस्तुत किए। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ सहित कार्यकर्ताओं ने भजन गाकर स्वागत किया। रोड शो के दौरान नितिन नवीन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सनरूफ से बाहर निकलकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। काफिले के आगे बाइक रैली भी निकाली गई। अंबेडकर सर्किल, रामबाग, राजभवन चौराहा और कनोडिया कॉलेज सहित कई स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ स्वागत भी किया गया। इस दौरान एक घटना में गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम उस समय घायल हो गए, जब गांधी सर्किल पर नितिन नवीन को गोविंद देवजी की तस्वीर भेंट करते समय उसका शीशा टूट गया। उनके हाथ में चोट आई। रोड शो के बाद शहर के कई इलाकों—भाजपा कार्यालय मार्ग, 22 गोदाम, गांधी सर्किल सहित अन्य क्षेत्रों में लंबा जाम लग गया। इससे पूर्व नितिन नवीन ने टोंक में भाजपा के नवनिर्मित जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। साथ ही बूंदी, प्रतापगढ़, बाड़मेर, चूरू, डूंगरपुर और पाली के जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन तथा जालोर कार्यालय का शिलान्यास किया। जयपुर पहुंचने के बाद वे प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्षों और प्रकोष्ठ संयोजकों की बैठक लेंगे। इसके बाद कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश के राजनीतिक हालात, संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण अभियान और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन किया जाएगा।

## सेंसेक्स 639 अंक बढ़कर 77,304 पर बंद:निफ्टी में 195 अंक की तेजी रही, ऑटो और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी




**24 न्यूज अपडेट**

शेयर बाजार में आज यानी 27 अप्रैल को बढ़त रही। सेंसेक्स 639 अंक की तेजी के साथ 77,304 पर बंद हुआ। निफ्टी में 195 अंक की बढ़त रही, ये 24,093 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज ऑटो, IT, मेटल, मीडिया और फार्मा शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।

सन फार्मा के शेयर में आज 6.83% की तेजी रही। कंपनी ने जानकारी दी है कि वह अमेरिका की ऑर्गेनॉन एंड कंपनी को खरीदने जा रही है। यह पूरी डील 11.75 बिलियन डॉलर (करीब 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की वैल्यू पर पूरी तरह कैश में होगी।

## नाकाबंदी में 2265 किलो चोरी का एल्युमिनियम तार जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़। सदर थाना पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 2265 किलोग्राम चोरी का एल्युमिनियम तार जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई धनेत कला के पास की गई, जहां उदयपुर से जयपुर जा रहे एक पिकअप और एक सेन्ट्रो कार को रोककर जांच की गई। पिकअप में खाकी कागज से ढके बंडलों में ताजा कटे एल्युमिनियम तार मिले। पूछताछ में आरोपियों ने माल चोरी का होना स्वीकार किया। जांच में सामने आया कि सेन्ट्रो कार पिकअप को एस्कॉर्ट कर रही थी, ताकि पुलिस जांच से बचा जा सके। पुलिस ने इसे संगठित तस्करी मानते हुए दोनों वाहन जब्त कर लिए। मामले में अनिस (विदिशा), जैद (भगवन्तपुर), सलमान अली (कन्नौज), सोनू (इटावा), पवन (मुरैना) और संजेस (कन्नौज) को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी वर्तमान में जयपुर में रह रहे थे। एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देश पर एएसपी सरिता सिंह व थानाधिकारी प्रेम सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के स्रोत की जांच कर रही है।

## बदला मौसमः कही ओले, तो कहीं पर आग के शोले, बीकानेर-गंगानगर में बारिश व ओले, जयपुर में प्रचंड गर्मी



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर। भीषण गर्मी से जूझ रहे राजस्थान में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। बीकानेर और श्रीगंगानगर के कई इलाकों में दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। अनूपगढ़, घड़साना, मूंडसर और बेनीसर क्षेत्रों में ओले गिरने से तापमान में गिरावट आई और लोगों को राहत मिली। राजधानी जयपुर में दिनभर तेज धूप और लू के चलते हालात गंभीर रहे। गर्मी से राहत देने के लिए नगर निगम ने एसएमएस रोड सहित कई प्रमुख मार्गों पर वाटर फॉगर मशीन से पानी की फुहारें छोड़ीं। वहीं सीकर में बाजारों और सड़कों को टेंट से कवर कर राहगीरों को धूप से बचाने के प्रयास किए गए। दूसरी ओर बाड़मेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो सीजन का सबसे अधिक रहा। कोटा और जोधपुर में भी पारा 44-45 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। उदयपुर में तापमान 42 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जबकि अलवर और अजमेर में भी गर्मी का असर जारी है। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को कई जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है, वहीं दिन और रात दोनों समय हीटवेव की चेतावनी दी गई है। हालांकि 28 से 30 अप्रैल के बीच कुछ इलाकों में आंधी, बादल और हल्की बारिश से राहत मिलने की संभावना जताई गई है।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी ख़बर, 8वें वेतन आयोग ने शुरू किया राज्यों का दौरा



**24 न्यूज अपडेट**

देश के करीब 45 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 60 लाख से अधिक पेंशनभोगियों के लिए खुशियों भरी खबर आ रही है. 8वें वेतन आयोग के गठन और इसकी सिफारिशों को लेकर काम अब युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है. आयोग ने अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए 'ग्राउंड जीरो' पर उतरकर कर्मचारी संगठनों और यूनियनों के साथ बैठकों का दौर शुरू कर दिया है.

### राज्यों का दौरा और बैठकों का शेड्यूल

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 8वें वेतन आयोग की टीम ने अपनी पहली औपचारिक आमने-सामने की बैठक शुक्रवार को उत्तराखंड के कर्मचारी संगठनों के साथ पूरी की. इस बैठक में कर्मचारियों की स्थानीय समस्याओं और वेतन विसंगतियों पर चर्चा की गई. अगले चरण में, आयोग 28 से 30 अप्रैल के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बड़ी बैठक करने जा रहा है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों के एसोसिएशन और यूनियन शामिल होंगे. इसके बाद मई के महीने में आयोग की टीम महाराष्ट्र (पुणे) का दौरा करेगी, जहां अन्य संगठनों से फीडबैक लिया जाएगा.

केंद्र सरकार ने जनवरी 2025 में आयोग की रूपरेखा तैयार करना शुरू किया था. आयोग को अपनी विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है. 30 अप्रैल तक फीडबैक के लिए विंडो खुली है. माना जा रहा है कि 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें 1 जनवरी 2026 से प्रभावी हो सकती हैं. यदि ऐसा होता है, तो कर्मचारियों और पेंशनर्स की आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा.

## 28 अप्रैल को 40 से अधिक कॉलोनियों में बिजली बंद रहेगी

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 28 अप्रैल को मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता के अनुसार सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक पावर कट रहेगा। बिजली बंद रहने वाले क्षेत्रों में सुंदरवास, अरविंद नगर, प्रताप नगर ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, विद्या विहार, केंद्रीय विद्यालय, उत्तरी सुंदरवास, सी क्लास, बोहरा गणेशजी, विनायक नगर, जयश्री कॉलोनी, बाहुबली कॉलोनी, महासतिया, पहाड़ा, ठोकर चौराहा, यूनिवर्सिटी रोड, यूनिवर्सिटी कैंपस, कालका माता रोड संपूर्ण, हीरा बाग, रूपसागर रोड, लाल विहार, गांधी नगर, आरटीओ रोड, प्रेम नगर, आदर्श नगर (सभी ब्लॉक), केशव नगर, न्यू केशव नगर, नागदा रेस्टोरेंट वाली गली, ऐश्वर्या कॉलेज, अरिहंत नगर, गायत्री नगर, शांति नगर, नाकोड़ा नगर, पंजाबी बाग, आयड़, धुलकोट चौराहा, रघुनाथपुरा, मनीष विहार, शुभ लाभ अपार्टमेंट सहित संबंधित क्षेत्र शामिल हैं। निगम ने आमजन से अपील की है कि वे आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटा लें।

## संपादकीय : सुविधा की सियासत

देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक दल को छोड़ कर दूसरे में शामिल होने को लोकतांत्रिक अधिकार के तौर पर देखा जाता है। मगर सच यह भी है कि जब जनप्रतिनिधियों ने सिद्धांतों के बजाय सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने को एक आम चलन बनाना शुरू कर दिया, तब इस पर लगाम लगाने की जरूरत पड़ी और इसी क्रम में दल-बदल विरोधी कानून अस्तित्व में आया। विडंबना यह है कि इस कानून के लागू होने के बावजूद अलग- अलग कारणों का हवाला देकर विधायकों या सांसदों के पाला बदलने या दूसरी पार्टियों में शामिल होने के मामले आए दिन सामने आते रहे हैं। मगर इस बार आम आदमी पार्टी से जुड़े राज्यसभा के सात सांसदों ने जिस तरह अपने दल को छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने की घोषणा की है, उसने एक बार फिर राजनीति में नैतिकता और दल-बदल कानून की प्रासंगिकता पर बहस छेड़ दी है। गौरतलब है कि राज्यसभा में आप के दस सांसद थे। उनमें से राघव चड्ढा सहित सात सांसदों ने पार्टी छोड़ दी। उनका मानना है कि चूंकि अलग होने वाले सांसदों की संख्या दो तिहाई की कसौटी पर पूरी है, इसलिए दल- बदल विरोधी कानून के तहत यह गलत नहीं है। संभव है कि आप छोड़ कर भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं के लिए सिर्फ कानून के प्रावधानों पर खरा उतरना ही किसी कार्रवाई से बचने के लिए काफी है, लेकिन सवाल है कि क्या केवल तकनीकी तौर पर सही होकर ही खुद को नैतिकता की कसौटी पर भी उचित मान लिया जा सकता है। यों, आम आदमी पार्टी की ओर से संबंधित सातों सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग करने की बात कही गई है। हवाला यह दिया गया है कि दल-बदल कानून में राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार का विभाजन वा गुटबंदी करने पर स्पष्ट तौर पर मनाही की गई है. भले ही वहां दो- तिहाई बहुमत हो । जाहिर है, आप के नेता अब दल-बदल से संबंधित कानूनी बारीकियों के मुताबिक कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। मगर यह देखने की बात होगी कि इस मसले पर मान्यता का मुद्दा उठने पर अंतिम फैसला क्या आता है। एक सवाल अपना दल छोड़ कर सांसदों के भाजपा में शामिल होने और पार्टी के रूप में विलय से जुड़े संदर्भ का भी उठेगा। हालांकि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा की राजनीतिक सक्रियता जिस तरह उलझी हुई दिख रही थी, उसके मद्देनजर पहले से ही उनके पार्टी से बाहर होने की संभावना जताई जा रही थी। मगर उनके साथ जिस तरह छह अन्य नेताओं ने पार्टी छोड़ी है, उसे लेकर राजनीतिक हलके में थोड़ी हैरानी जताई जा रही है। देश की राजनीति में बिना किसी सैद्धांतिक आधार के सुविधा के मुताबिक पार्टी बदलने की प्रवृत्ति और इसके सहारे सरकारों की स्थिरता के प्रभावित होने के हालात को रोकने के लिए दल-बदल कानून बनाया गया था। मगर पिछले कुछ वर्षों से इस कानून के तहत मिली छूट का लाभ उठा कर कई राज्यों में जिस तरह सरकारें बदली गई, उसमें कहीं भी सैद्धांतिक कसौटी का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा गया। ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिनमें सिर्फ परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए विचारधारात्मक प्रतिबद्धता के सवाल को दरकिनार कर दिया गया और ऐसे नेताओं के लिए दल-बदल कानून कोई बाधा नहीं बना। इसी क्रम में आप के सात सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर फिर यह सवाल उठा है कि आखिर दल-बदल कानून की प्रासंगिकता क्या रह गई है।

## शोर के विरुद्ध

महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक में दूषित हवा के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। विभिन्न अध्ययन रपटों में यह बात सामने आई है। कि ज्यादातर बड़े शहरों में शोर का स्तर तय मानकों से काफी अधिक है। इसका मानव स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है और बहरापन, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, नींद की कमी तथा मानसिक तनाव जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं इसी के मद्देनजर हाल में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने राष्ट्रीय राजधानी में नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई, उचित निगरानी और जुर्माना अनिवार्य कर दिया गया है। मगर सवाल है कि क्या कागजों में कड़े प्रावधान कर देने से ध्वनि प्रदूषण को रोका जा सकता है ? इससे संबंधित नियम-कानून से लेकर अदालतों के आदेश पहले से मौजूद है, तो फिर नए निर्देश जारी करने की जरूरत क्यों पड़ी। जाहिर है कि कार्यान्वयन में कई स्तरों पर लापरवाही बरती जा रही है। गौरतलब है कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत लागू किया गया था। इन नियमों का उद्देश्य लाउडस्पीकर, वाहनों के हार्न, निर्माण कार्य और औद्योगिक मशीनों जैसे सभी स्रोतों से ध्वनि के स्तर को नियंत्रित कर जनस्वास्थ्य तथा पर्यावरण की सुरक्षा करना है। नियमों में विभिन्न क्षेत्रों के लिए दिन और रात के समय ध्वनि के मानक तय किए गए हैं, जिनमें संबंधित प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध भी शामिल है। मगर इन नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने का जिम्मा संभाले प्राधिकारियों के दायित्व निष्पक्षता और ईमानदारी पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। आलम यह है कि कई जगह ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए लगाए गए यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं और जहां से यंत्र काम कर रहे हैं, उनमें दर्ज आंकड़ों का भी शोर कम करने के उपायों में समुचित इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जब तक अधिकारियों के स्तर पर जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक किसी भी नियम और दिशा-निर्देश का असर धरातल पर नजर नहीं आएगा।

# सीने के आर-पार घुसे 9 इंच लोहे के पाइप को निकाल डॉक्टरों ने बचाई जान

## आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जटिल सर्जरी, कार्डियोथोरेसिक टीम की बड़ी सफलता



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। आर.एन.टी. मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चिकित्सकों ने एक अत्यंत जटिल और जोखिमपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए 32 वर्षीय युवक को नया जीवन दिया। भीलवाड़ा निवासी युवक के सीने के आर-पार घुसे करीब 9 इंच लंबे लोहे के पाइप को सुरक्षित निकालना चिकित्सा टीम के लिए बड़ी चुनौती था, जिसे विशेषज्ञों ने कुशलता से पूरा किया।

### भयावह हादसा, गंभीर हालत में पहुंचा अस्पताल

जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल को युवक मोटरसाइकिल से ट्रक के पीछे चल रहा था। अचानक ट्रक के ब्रेक लगाने पर उसमें लदा लोहे का पाइप खिसककर युवक के सीने में जा घुसा। पाइप की लंबाई इतनी अधिक थी कि मौके पर ही उसे कटर से काटना पड़ा। अत्यधिक रक्तस्राव के चलते युवक शॉक की स्थिति में अस्पताल लाया गया।


### सीटी स्कैन में सामने आई खतरनाक स्थिति

रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. कुशल गहलोत द्वारा किए गए सीटी स्कैन में सामने आया कि लगभग 4 सेंटीमीटर मोटा पाइप पसलियों को तोड़ते हुए फेफड़े को चीरकर गर्दन तक पहुंच गया था। इस दौरान सबक्लेवियन धमनी और शिरा भी क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिससे फेफड़ों में भारी रक्तस्राव (हीमोथोरेक्स) हो गया।

### विशेषज्ञ टीम ने किया सफल ऑपरेशन

कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. विनय नैथानी के नेतृत्व में टीम ने तुरंत ऑपरेशन शुरू किया। अत्यधिक सावधानी के साथ एल-आकार के पाइप को शरीर से बाहर निकाला गया। इसके बाद क्षतिग्रस्त रक्त वाहिकाओं की मरम्मत, फेफड़े का उपचार और टूटी पसलियों का पुनर्निर्माण किया गया।





एनेस्थीसिया विभाग की प्रमुख डॉ. उदिता नैथानी और डॉ. महेश सोमानी ने नाजुक स्थिति में मरीज को सुरक्षित एनेस्थीसिया दिया। सर्जिकल टीम में डॉ. गिरीश, डॉ. ज्योतिद्रों, नर्सिंग अधिकारी संतोष पुरी गोस्वामी सहित ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### अब खतरे से बाहर, तेजी से हो रहा स्वस्थ

सफल सर्जरी के बाद मरीज की हालत अब स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, मरीज सामान्य आहार लेने लगा है और रिकवरी अच्छी है। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राहुल जैन ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की 'इम्पेलमेंट इंजरी' में मृत्यु दर बेहद अधिक होती है, लेकिन समय पर निर्णय और टीमवर्क से एक जीवन बचाया जा सका।

## 22 राज्यो के 400 से अधिक कलाकारों की प्रस्तुतियां, शास्त्रीय नृत्य के नवरसों का दिखा जीवंत समागम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में भारतीय सांस्कृतिक धरोहर की सुरीली गूँज और पदचापों की थाप के साथ दो दिवसीय 'छठे शास्त्रीय नृत्य एवं संगीत महोत्सव' का भव्य आगाज़ हुआ। कथक आश्रम उदयपुर और ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन (आइडा) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महाकुंभ का शुभारंभ रविवार को सेक्टर 4 स्थित अटल सभागार में हुआ। कार्यक्रम के दौरान शास्त्रीय नृत्य के नवरसों के जीवंत समागम ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

महोत्सव का आधिकारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व राजपरिवार सदस्य निवृत्ति कुमारी मेवाड़, विधायक ताराचंद जैन, जगदीश राज श्रीमाली, दीपेश हेमनानी, मुकेश माधवानी, तारिका भानु प्रताप एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने नृत्य को जीवन का आधार बताया। उन्होंने कहा, "नृत्य केवल शारीरिक संचालन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, तपस्या और आराधना का संगम है। चाहे सुख हो या दुख, मिलन हो या बिछोह, नृत्य अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम है। आज भारतीय शास्त्रीय कलाओं के दम पर हमारे बच्चे विदेशों तक अपनी अमिट छाप छोड़ रहे हैं, जो गर्व का विषय है।" उन्होंने कला के प्रति जुड़ाव का जिक्र करते हुए बताया कि उनकी बेटियां भी ओडिसी नृत्य के माध्यम से इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं।

महोत्सव के तकनीकी पक्ष की जानकारी देते हुए आइडा निदेशक रितेश बाबू ने बताया कि पहले दिन की शाम प्रस्तुतियों के नाम रही, जिसमें शरण्या बिष्ट के कथक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके साथ ही दिल्ली के विनय तिवारी और बिलासपुर की सुमि अजय ने भरतनाट्यम की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं।

कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु उदयपुर के प्राचीन नाम पर आधारित 'ताँबावती नगरी सम्मान' की भी शुरुआत की गई। पहले दिन भिलाई की झांसी भारद्वाज, बिलासपुर की वारिजा विजय राय, देवांशी गौर और हैदराबाद की अद्युति कॉन्केपूड़ी को इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। वहीं, मध्य प्रदेश के 'ताल तरंग कला केंद्र' को 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ द डे' चुना गया।

कथक आश्रम की निदेशक चंद्रकला चौधरी ने बताया कि इस महोत्सव में केरल, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता और दिल्ली सहित 22 राज्यों के 400 से अधिक कलाकार भाग ले रहे हैं। पहले दिन आयोजित प्रतियोगिता में 220 प्रतिभागियों ने 80 प्रस्तुतियां दीं, जिनमें श्रृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत और शांत रसों का अनूठा मिश्रण देखने को मिला। कार्यक्रम में सचिव चंद्रगुप्त सिंह चौहान सहित कला जगत की कई बड़ी हस्तियां मौजूद रहीं।

## गौ-भक्तों का हुंकारः 'राष्ट्रमाता' का दर्जा देने की मांग, उपखंड मुख्यालय पर उमड़ा जनसैलाब



24 न्यूज अपडेट

भूपालसागर (अरविंद गर्ग)। चित्तौड़गढ़ जिले के भूपालसागर कस्बे में सोमवार को 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत गौ-वंश संरक्षण को लेकर बड़ा जनआंदोलन देखने को मिला। संत समाज, गौ-सेवकों और आम नागरिकों की भारी भागीदारी के साथ निकली इस रैली ने प्रशासन और सरकार तक मजबूत संदेश पहुंचाया। आकोला नरसिंह मंदिर के महंत बजरंगदास जी महाराज और भूपालसागर नरसिंह मंदिर के महंत मुरलीदास जी महाराज के सानिध्य में हजारों लोग महाराणा भूपाल बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। यहां से ढोल-नगाड़ों और 'गौ माता की जय' के जयघोष के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए उपखंड कार्यालय पहुंची।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

उपखंड कार्यालय पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन सौंपा। केंद्र सरकार से देशी गौ-वंश को 'राष्ट्रमाता' या 'राष्ट्र आराध्या' का संवैधानिक दर्जा देने की प्रमुख मांग उठाई गई। साथ ही 'केन्द्रीय गो सेवा एवं संरक्षण अधिनियम' लागू करने और एक अलग गौ-पालन मंत्रालय के गठन की मांग भी की गई। गौ-भक्तों ने गौ-तस्करी और गौ-वध को गैर-जमानती अपराध घोषित कर आजीवन कारावास तथा दोषियों की संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान करने की मांग रखी

## 28 व्यक्ति शांति भंग में गिरफ्तार, 24 बाहरी राज्य के

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना खेरवाड़ा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 28 व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पुलिस की सख्ती का स्पष्ट संदेश भी गया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा श्रीमती अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी ऋषभदेव राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी करनाराम जाट के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीमों ने थाना सर्कल क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए पुराने चालानशुदा अपराधियों और बाहरी राज्यों से आकर रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की। इस दौरान कुल 28 लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका प्रमाणित पाई गई, जिसके आधार पर उन्हें बी.एन.एस.एस. की धारा 126-170 के तहत गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार लोगों में 24 बाहरी राज्य के, 4 स्थानीय

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए 28 व्यक्तियों में से 24 अन्य राज्यों से आकर क्षेत्र में निवास कर रहे थे, जबकि 4 स्थानीय निवासी हैं। इनमें कुछ पूर्व में चालानशुदा अपराधी भी शामिल हैं, जबकि कई लोग कंबल बेचने और फेरी लगाने का कार्य करते पाए गए।

### उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश

सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उपखंड मजिस्ट्रेट खेरवाड़ा के समक्ष पेश किया गया है, जहां उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 10 साल से फरार डकैती का स्थायी वारंटी गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिले में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना सायरा ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए डकैती के एक मामले में पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) गोपाल स्वरूप मेवाड़ा तथा वृताधिकारी गिर्वा गोपाल चंदेल के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। सायरा थानाधिकारी कानाराम सिरवी के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना खेरोदा के वर्ष 2013 के प्रकरण संख्या 137/2013 (धारा 395 भादस) में वांछित आरोपी शौकत पुत्र कमरूद्दीन मेव निवासी जरोली, थाना तिजारा, जिला अलवर को डिटेन किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसके चलते न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। सायरा थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद इसकी सूचना थाना खेरोदा पुलिस को दी गई है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### टीम की भूमिका

इस कार्रवाई में थानाधिकारी कानाराम सिरवी के साथ कांस्टेबल नरपतराम (विशेष भूमिका) और धर्मेंद्र कुमार (विशेष भूमिका) का विशेष योगदान रहा।

# गोवर्धन विलास पुलिस ने संगठित अपराध में लिप्त 'बांका' को किया गिरफ्तार

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित तरीके से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने का आदी है। पुलिस के मुताबिक मामला 27 अप्रैल को तड़के दर्ज किया गया। रिपोर्ट सहायक उप निरीक्षक कालूलाल द्वारा दर्ज कराई गई, जो गोवर्धन विलास थाने में तैनात हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक सिंडिकेट के रूप में काम कर रहा था और विभिन्न आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहा था। मामले में आरोपी विनोद उर्फ बांका पुत्र अमरा जी कालबेलिया, उम्र 23 वर्ष, निवासी इंद्रा कॉलोनी, थाना गोवर्धन विलास को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से संगठित अपराध में सक्रिय रहा है और उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है। इस संबंध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 111(2)(ए), 111(2)(बी)(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक श्रवण कुमार को सौंपी गई है।

# हिरणमगरी में दिनदहाड़े चोरी, किराएदार के घर से सोना-चांदी व नकदी पार

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर शहर के हिरण मगरी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। पानेरियों की मादड़ी इलाके में किराए पर रह रहे व्यक्ति के घर में घुसकर अज्ञात चोर सोना-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार प्रार्थी संजय सुराणा पुत्र मिठालाल सुराणा, उम्र 49 वर्ष, जो शिवानगर में लेहरीलाल मेनारिया के मकान में किरायेदार के रूप में रहते हैं, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 अप्रैल को दोपहर में अज्ञात चोर उनके घर में घुस आए। उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। चोर घर से सोना-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी शाम करीब 7 बजे लगी, जिसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 331(4) और 305A के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच सहायक उप निरीक्षक रामस्वरूप को सौंपी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# फोटो वायरल करने की धमकी देकर वसूली का प्रयास, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर शहर के हिरण मगरी थाना क्षेत्र में एक युवती को फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सेक्टर 4 स्थित परमात्मा हॉस्टल में रहने वाली पीड़िता की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रार्थी नारायण भाट पुत्र मांगीलाल भाट, उम्र 50 वर्ष, निवासी गुडली थाना कुराबड़ हाल चाणक्यपुरी सेक्टर 4 ने बताया कि आरोपी दिनेश प्रजापत, निवासी गुडली ने पीड़िता की फोटो वायरल करने की धमकी देकर उससे पैसों की मांग की और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया है। जांच हेड कांस्टेबल आनंद सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और मोबाइल व डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# हिरणमगरी थाना पुलिस का शिकंजाः 12 प्रकरणों का आदतन अपराधी 'हड़िया' पर बीएनएस में केस

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। शहर के हिरण मगरी थाना पुलिस ने आदतन अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात बदमाश सुरेश उर्फ हड़िया के खिलाफ सख्त प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पर पहले से दर्ज एक दर्जन मामलों के आधार पर उसे आमजन में दहशत फैलाने वाला अपराधी मानते हुए कार्रवाई की गई है।

## 12 मामलों का आरोपी, इलाके में दहशत का माहौल

पुलिस के अनुसार आरोपी सुरेश उर्फ हड़िया पुत्र रावा मोनिया, निवासी आवरी माता कच्ची बस्ती, हिरणमगरी, लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। उसके खिलाफ कुल 12 प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें से कई मामलों में न्यायालय में ट्रायल लंबित है। आरोपी पर क्षेत्र में भय का माहौल बनाने और संगठित तरीके से अपराध करने के आरोप हैं।

## थानाधिकारी की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ मामला

इस संबंध में थानाधिकारी रविंद्र सिंह चारण की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। रिपोर्ट में उल्लेख है कि आरोपी लगातार अपराध कर आमजन में दहशत फैलाने का प्रयास कर रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(3) और 111(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया है, जो आदतन अपराध और गंभीर आपराधिक गतिविधियों से संबंधित है। प्रकरण की जांच सहायक उप निरीक्षक जीवननाथ को सौंपी गई है।

# हत्या के बाद बेकाबू भीड़ का तांडव, 35 घरों की बस्ती फूंकी, मवेशी-राशन सब जलाया

## प्रेम-प्रसंग के विवाद ने लिया सामूहिक हिंसा का रूप; 300 लोगों की भीड़ ने रास्ते जाम कर पुलिस को रोका, कई गांवों में तनाव



**24 न्यूज़ अपडेट**

बांसवाड़ा। जिले के मोटा गांव थाना क्षेत्र के टामटिया और बस्सी आड़ा गांव में रविवार शाम एक युवक की हत्या के बाद भड़की हिंसा ने पूरे इलाके को दहला दिया। प्रेम-प्रसंग के विवाद से शुरू हुआ मामला देखते ही देखते सामूहिक टकराव में बदल गया, जहां गुस्साई भीड़ ने एक पूरी बस्ती को आग के हवाले कर दिया। करीब 300 लोगों की भीड़ ने 35 घरों वाली बस्ती पर धावा बोलते हुए मकानों, मवेशियों, अनाज और वाहनों तक को जला दिया।

## हत्या से भड़की हिंसा, दो गांव आमने-सामने

पुलिस के अनुसार, बस्सी आड़ा गांव का एक युवक टामटिया गांव में एक युवती से मिलने पहुंचा था। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिसका युवती का परिवार विरोध कर रहा था। बताया जा रहा है कि युवती का भाई कई बार युवक को समझा चुका था, लेकिन वह नहीं माना। रविवार शाम करीब 6 बजे विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने युवती के भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना के बाद युवती पक्ष के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। भीड़ ने टामटिया की उस बस्ती को घेर लिया, जहां आरोपी युवक का परिवार रहता था।

## बस्ती को घेरकर किया हमला, 2 घंटे में सब राख

उपद्रवियों ने सबसे पहले सड़कों पर लकड़ियां और पत्थर डालकर रास्ते बंद कर दिए, ताकि पुलिस और दमकल अंदर नहीं पहुंच सके। इसके बाद मशालों और ज्वलनशील पदार्थ लेकर भीड़ बस्ती में घुस गई और एक-एक कर घरों में आग लगानी शुरू कर दी। करीब दो घंटे के भीतर 35 घरों की पूरी बस्ती जलकर राख हो गई। अचानक हुए हमले से बस्ती में रहने वाले करीब 175 लोग जान बचाकर भाग निकले। लोग जिस हालत में थे, उसी हालत में अपने बच्चों और महिलाओं को लेकर गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।

## चूल्हे पर रोटियां छूटीं, मवेशी जिंदा जले

घटना के बाद का दृश्य भयावह था। जले हुए मकानों के बीच चूल्हों पर अधपकी रोटियां पड़ी मिलीं, जो इस बात का प्रमाण थीं कि लोग अचानक जान बचाकर भागे। कई घरों में बंधे मवेशी आग में जिंदा जल गए।

बोरियों में रखा अनाज, चारा, बिस्तर, घरेलू सामान और यहां तक कि पानी की टंकियां भी जलकर नष्ट हो गईं। उपद्रवियों ने बस्ती के बाहर खड़े वाहनों को भी नहीं छोड़ा। आगजनी में 7-8 मोटरसाइकिलें और एक ऑटो रिक्शा जलकर खाक हो गए।

## पुलिस-दमकल को रोका, 9 घंटे में बुझी आग

उपद्रवियों ने पुलिस और दमकल वाहनों को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया। कई जगहों पर रास्ते जाम कर दिए गए और पुलिस पर पथराव की भी सूचना है। शाम करीब 8 बजे लगी आग को काबू में आने में करीब 9 घंटे लगे। कई दमकल वाहनों और प्रशासनिक टीमों को मशक्कत करनी पड़ी।

## पुलिस कार्रवाईः 3 डिटेन, कई नामजद

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि मामले में 3 लोगों को डिटेन किया गया है, जबकि प्रथम पक्ष की रिपोर्ट में 5 नामजद सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। इलाके में लोहारिया, मोटागांव, खमेरा, गढ़ी और घाटोल थाना पुलिस सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त की जा रही है।


## तीसरे दिन भी तनाव, कर्फ्यू जैसे हालात

घटना के बाद से दोनों गांवों में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। कई परिवार अब भी गांव छोड़कर बाहर ठहरे हुए हैं। गांव में जले मकानों और बिखरे सामान के बीच सन्नाटा पसरा है। प्रशासन ने सुरक्षा घेरा बनाकर बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी है और शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

## राहत और जांच जारी

जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है और राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। पुलिस इस मामले में प्रेम-प्रसंग के साथ-साथ पुरानी रंजिश और सामाजिक तनाव के एंगल से भी जांच कर रही है। एक व्यक्तिगत विवाद का इतनी बड़ी सामूहिक हिंसा में बदल जाना कानून-व्यवस्था और सामाजिक संतुलन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर अतिरिक्त बल तैनात रखा गया है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# बारात गई, पीछे घर में विवाहिता ने पेड़ से फांसी लगाई



**24 न्यूज़ अपडेट**

सलूंबर। जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। बुड़ेल गांव के झालफला में एक विवाहिता का शव घर के पास आम के पेड़ पर लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

## बारात गई, पीछे हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार मृतका रिंका मीणा (उम्र लगभग 22-25 वर्ष) के देवर की बारात रविवार को खोलड़ी गांव गई हुई थी। परिवार के अधिकांश सदस्य बारात में शामिल थे। इसी दौरान घर पर अकेली रही रिंका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## लौटे तो सामने था दर्दनाक मंजर

परिजन जब बारात से लौटे तो गांव में ही सूचना मिली कि रिंका का शव घर के पास आम के पेड़ पर लटका हुआ है। यह खबर सुनते ही शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं और घर में चीख-पुकार मच गई।

## तीन साल पहले हुई थी शादी

बताया जा रहा है कि रिंका की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी। उसका पति अहमदाबाद में मजदूरी/नौकरी करता है और घटना के समय वह बाहर ही था। घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।

## पुलिस पहुंची मौके पर

सूचना मिलते ही भबराना चौकी से हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह तथा झल्लारा थाना अधिकारी जयकिशन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जांच जारी, कारणों की तलाश

पुलिस का कहना है कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। मृतका के पीहर और ससुराल पक्ष के बयान लिए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जिस घर में कुछ घंटे पहले शादी की तैयारियां और शहनाइयां गूंज रही थीं, वहीं अब मातम पसरा हुआ है। ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं।

# हाथीपोल थाना पुलिस की तत्परता रंग लाईः 8 दिन से लापता 16 वर्षीय नाबालिग सकुशल बरामद, CWC के समक्ष पेश

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 दिन से लापता 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने नियमानुसार मेडिकल कराने के बाद बालिका को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया, जहां से उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार नाबालिग 18 तारीख को बिना बताए घर से चली गई थी। परिजनों द्वारा लगातार तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो 21 तारीख को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। रिपोर्ट दर्ज होते ही हाथीपोल थाना पुलिस ने विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश शुरू की। इसी क्रम में जानकारी मिली कि बालिका मावली क्षेत्र में काम कर रही है, जहां वह पूर्व में भी रह चुकी थी। इस पर 26 तारीख को बालिका स्वयं वापस उदयपुर लौट आई। पुलिस के समक्ष दिए बयान में बालिका ने बताया कि वह कमठाणे में काम करने अपनी मर्जी से मावली चली गई थी।

## छत्तीसगढ़ मूल के कई परिवार, उदयपुर में कर रहे हैं काम

परिजनों के अनुसार कई परिवार जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ के हैं पिछले तीन वर्षों से अलग-अलग स्थानों पर ठेकेदारों के अधीन निर्माण कार्य करते हुए उदयपुर में रह रहा है। वर्तमान में यह इस परिवार मधुबन क्षेत्र में बन रहे एक कॉम्प्लेक्स में कार्यरत है। यहीं से बच्ची दूसरे कमठाणे में काम करने बिना बताए चली गई थी जो अब सकुशल लौट आई है।

## मेडिकल के बाद CWC के समक्ष पेश

पुलिस ने बालिका का मेडिकल परीक्षण करवाया और उसे चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पूरे मामले में थानाधिकारी श्रीमती राजू देवी राज के नेतृत्व में टीम ने लगातार प्रयास किए। टीम में उप निरीक्षक लोकेश कुमार ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर बालिका का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई

यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा तथा उप अधीक्षक राजेश यादव के निर्देशन में संपन्न हुई।




# साइबर फ्रॉड की रकम खाते में लेने वाला आरोपी गिरफ्तार

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। उदयपुर जिले के सुखेर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी तरीके से ठगी की रकम अपने खाते में प्राप्त कर आर्थिक लाभ उठा रहा था। पुलिस के अनुसार प्रकरण 26 अप्रैल को दर्ज किया गया। इस संबंध में पुलिसकर्मी कांस्टेबल प्रमोद वर्तमान में सुखेर थाने में तैनात हैं, उनकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज हुआ। जांच में सामने आया कि साइबर फ्रॉड से प्राप्त राशि को विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर आरोपियों द्वारा अवैध लाभ लिया जा रहा था। मामले में आरोपी चिराग चावला पुत्र ईश्वर चावला, उम्र 31 वर्ष, निवासी प्रभात नगर, उदयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने बैंक खाते का उपयोग कर साइबर ठगी से प्राप्त रकम को ट्रांसफर और उपयोग कर रहा था। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 316(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक जगदीशचंद्र के सुपुर्द की गई है। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कुराबड़ के बोरी गांव में बुजुर्ग दंपती को धमकाकर लूटः एक तोले की चेन व डोडी ले गया बदमाश

**24 न्यूज़ अपडेट**

कुराबड़। कुराबड़ थाना क्षेत्र के बोरी गांव में अज्ञात बदमाश ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपती को डरा-धमकाकर जेवरात लूट लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 26 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे की है। बोरी निवासी 70 वर्षीय अमरचंद जैन अपनी पत्नी कजोडी बाई के साथ घर पर थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुसा और दोनों को डराकर-धमकाकर जेवरात लेकर फरार हो गया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। रिपोर्ट रात 10:49 बजे दर्ज की गई। बदमाश दंपती से करीब एक तोले की सोने की चेन और पांच से सात ग्राम की डोडी लेकर भाग गया। घटना के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। संदिग्ध की पहचान के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। प्रकरण की जांच सहायक उप निरीक्षक ईश्वरलाल को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# खेरवाड़ा में क्रेटा कार से 29 कार्टन अवैध शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**24 न्यूज़ अपडेट**

खेरवाड़ा। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार को रुकवाया गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 29 कार्टन पाए गए, जिन्हें अवैध रूप से गुजरात ले जाया जा रहा था। शराब की अनुमानित कीमत करीब 3.50 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने पूरी खेप जब्त कर वाहन को भी कब्जे में ले लिया है। कार चालक अफान मसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर अवैध शराब सप्लाई नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शराब को गुजरात में सप्लाई के लिए ले जाया जा रहा था, जहां शराबबंदी लागू है। इसी कारण इस तरह की तस्करी के मामले लगातार सामने आते रहते हैं। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरी बार धमकी, फिर निकली फर्जी: राजस्थान विधानसभा में 3 घंटे सर्च, कुछ नहीं मिला; नेता प्रतिपक्ष का तंज

24 न्यूज अपडेट




जयपुर। जयपुर स्थित राजस्थान विधानसभा को बम से उड़ाने की सोमवार को मिली धमकी आखिरकार झूठी साबित हुई। सुरक्षा एजेंसियों के करीब तीन घंटे चले सघन सर्च ऑपरेशन के बाद परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली।

## ईमेल से मिली धमकी, 12 बजे विस्फोट का दावा

जानकारी के अनुसार सुबह 9:09 बजे विधानसभा को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। संदेश में दोपहर 12 बजे परिसर में "5 सिलिकॉन बेस आरडीएक्स बम" फटने की बात लिखी गई थी और वीआईपी को तुरंत बाहर निकालने की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही विधानसभा प्रशासन ने तुरंत पुलिस को अलर्ट किया।

## परिसर खाली, तीन घंटे चला सर्च ऑपरेशन

धमकी के बाद एहतियातन पूरे विधानसभा परिसर को खाली कराया गया। मौके पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एटीएस, एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीमें पहुंचीं और हर हिस्से की बारीकी से तलाशी ली गई। करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर स्थिति सामान्य घोषित की गई।

## तीसरी बार मिली धमकी, सुरक्षा और कड़ी

गौरतलब है कि पिछले दो सप्ताह में यह तीसरी बार है जब विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले भी दो बार इसी तरह की चेतावनियां मिल चुकी हैं, जो जांच में फर्जी साबित हुई थीं। लगातार मिल रही धमकियों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है।

## नेता प्रतिपक्ष को प्रवेश से रोका, किया तंज

धमकी के दौरान सुरक्षा कारणों से विधानसभा में प्रवेश पूरी तरह रोक दिया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और अन्य विधायक भी परिसर पहुंचे, लेकिन उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। इस पर जूली ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि अंदर कुत्ते बम ढूंढ रहे हैं और हम बाहर छाया ढूंढ रहे हैं। उन्होंने तंज करते हुए यह भी कहा कि अभी तक धमकी देने वाले का कोई सुराग नहीं मिला है।

## जांच में जुटी साइबर और सुरक्षा एजेंसियां

पुलिस ने मामला दर्ज कर ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर टीमों को लगा दिया है। आईपी एड्रेस और तकनीकी पहलुओं के जरिए आरोपी तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बार-बार मिल रही धमकियों को गंभीरता से लेते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है।

# गोवर्धन सागर में बोटिंग का काउंटडाउन शुरू: 15 दिन में खुलेगा नया वाटर एंटरटेनमेंट हब, पहले चरण में 10 बोट उतरेंगी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर,। उदयपुर शहरवासियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। शहर की चौथी झील गोवर्धन सागर में करीब 8 महीने बाद बोटिंग गतिविधियां फिर से शुरू होने की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। नगर निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अगले 15 दिनों में यहां बोटिंग औपचारिक रूप से शुरू कर दी जाएगी।

## जेटी और टिकट काउंटर तैयार, अंतिम तैयारियां जारी

पन्नाधाय पार्क के पास झील में जेटी स्थापित कर दी गई है, वहीं टिकट काउंटर का निर्माण भी पूरा हो चुका है। ठेका एजेंसी द्वारा नावों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और अगले 10 से 12 दिनों में इन्हें झील में उतार दिया जाएगा।

पहले चरण में 10 बोट, कुल क्षमता 20 की निगम ने बोटिंग संचालन का ठेका 53.23 लाख रुपए में दिया है।

योजना के अनुसार कुल 20 नावें चलाई जानी हैं, लेकिन शुरुआती चरण में 10 नावों से ही संचालन शुरू होगा। बाद में मांग और संचालन की स्थिति को देखते हुए बाकी नावें भी जोड़ी जाएंगी।

## अलग-अलग श्रेणी की नावें, किराया 60 से 720 रुपए तक

पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए विभिन्न श्रेणियों की नावें उपलब्ध होंगी। किराया संरचना इस प्रकार तय की गई है:

2 सीटर पेडल बोट: 80 से 160 रुपए

4 सीटर पेडल बोट: 60 से 120 रुपए

6 सीटर शिकारा: लगभग 120 से 200 रुपए

कयाकिंग (1 व 2 सीटर): 100 से 400 रुपए

साधारण बोट: 180 से 360 रुपए

लग्जरी बोट: 300 से 720 रुपए

प्रत्येक राइड की अवधि लगभग 20 मिनट निर्धारित की गई है।

आधुनिक आकर्षण भी होंगे शामिल

गोवर्धन सागर में पहली बार बोटिंग के साथ एडवेंचर गतिविधियां भी जोड़ी गई हैं। इनमें वाटर बैलून (जॉरबिंग रोलर), कयाकिंग और डेकोरेटेड लग्जरी बोट शामिल हैं। ठेका एजेंसी ने नावों को आकर्षक तरीके से सजाया है, जिससे यह स्थल एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए:

एक रेस्क्यू बोट तैनात रहेगी

दो प्रशिक्षित गोताखोर मौजूद रहेंगे

सभी यात्रियों के लिए लाइफ जैकेट अनिवार्य होगी

डाइविंग सूट और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रहेंगे

रेस्क्यू बोट पेट्रोल से संचालित होगी, जबकि अन्य सभी नावें बैटरी से चलेंगी।

## शहर की चौथी बोटिंग झील बनेगा गोवर्धन सागर

गोवर्धन सागर अब फतहसागर, पिछोला और दूधतलाई के बाद शहर की चौथी झील होगी, जहां बोटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल स्थानीय लोगों को नया मनोरंजन स्थल मिलेगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## तय समय पर नहीं शुरू हो पाई थी सेवा

गौरतलब है कि ठेका एजेंसी को 20 अप्रैल से बोटिंग शुरू करनी थी, लेकिन नावों की उपलब्धता में देरी के कारण यह योजना समय पर शुरू नहीं हो सकी। अब तैयारियां पूरी होने के साथ जल्द ही इसका उद्घाटन होने की संभावना है।

# घर में घुसकर तलवार-चाकू से हमला, दो भाई गंभीर घायल, मुखबिरी के शक में पड़ोसियों ने किया हमला; मां भी चोटिल, आरोपी फरार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र स्थित दीवान शाह कॉलोनी में रविवार शाम पड़ोसियों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक परिवार के सदस्यों ने दूसरे पड़ोसी के घर में घुसकर तलवार और चाकू से हमला कर दिया, जिसमें दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बीच-बचाव करने आई उनकी मां भी चोटिल हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, पीड़ित मोहम्मद आदिल की ओर से दर्ज रिपोर्ट में बताया गया है कि शाम के समय दो पुलिसकर्मी कॉलोनी में किसी व्यक्ति का पता पूछने आए थे। इसके कुछ देर बाद सामने रहने वाले शाहरुख और शहीद उनके पास पहुंचे और मुखबिरी का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे। आरोप है कि कुछ ही देर में शाहरुख तलवार लेकर आदिल के घर में घुस गया और हमला कर दिया। इसके बाद उसका भाई शहीद भी चाकू लेकर पहुंचा और आदिल, उनके भाई मोहम्मद अकरम तथा बीच-बचाव करने आई उनकी मां पर वार किए। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घर के भीतर खून के निशान पाए गए, जो हमले की गंभीरता को दर्शाते हैं। परिजन ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद सूरजपोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है, हालांकि मुखबिरी के शक को लेकर विवाद सामने आया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# ट्रेनों में पालतू जानवर ले जाने पर रेलवे सख्त: बिना बुकिंग पकड़े गए तो 6 गुना तक जुर्माना




24 न्यूज अपडेट

जोधपुर/उदयपुर, सोमवार। भारतीय रेलवे ने ट्रेनों में पशु-पक्षियों को साथ ले जाने के नियमों के पालन को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। अब बिना उचित बुकिंग और जरूरी दस्तावेजों के पालतू जानवर साथ ले जाने पर यात्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे मामलों में 6 गुना तक जुर्माना वसूला जा सकता है। फर्स्ट एसी और फर्स्ट क्लास में ही कुत्ते साथ ले जाने की अनुमति रेलवे के नियमों के अनुसार यात्री अपने पालतू कुत्ते को केवल फर्स्ट एसी या फर्स्ट क्लास कोच में ही साथ ले जा सकते हैं। इसके लिए पूरा कूपे या केबिन रिजर्व होना जरूरी है। साथ ही सहयात्रियों की सहमति और टीटीई की अनुमति लेना अनिवार्य है।

पार्सल या ब्रेकवान से भी भेज सकते हैं पालतू जानवर कुत्ता, बिल्ली सहित अन्य पालतू जानवरों को पार्सल या ब्रेकवान (लगेज वैन) के जरिए भी भेजा जा सकता है। इस दौरान जानवर को गार्ड के पास बने विशेष डॉग बॉक्स में सुरक्षित रखा जाता है।

बुकिंग के लिए जरूरी दस्तावेज जानवर को ट्रेन से ले जाने के लिए यात्री को यात्रा से पहले स्टेशन के पार्सल कार्यालय में बुकिंग करानी होगी। इसके लिए: पशु चिकित्सक का हेल्थ सर्टिफिकेट वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट मालिक का पहचान पत्र देना अनिवार्य है। फीस जानवर के वजन और दूरी के आधार पर तय होगी, जिस पर 2 प्रतिशत डेवलपमेंट चार्ज और 5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त लगेगा। बुकिंग के बाद रेलवे रसीद जारी की जाएगी।

## अन्य पशुओं पर भी लागू नियम

रेलवे के अनुसार भेड़, बकरी, बछड़ा और सुअर जैसे पशुओं को केवल लगेज वैन में ही बुक किया जा सकता है। बिना बुकिंग पाए जाने पर इन पर भी 6 गुना तक जुर्माना लगाया जाएगा।

## साइकिल और बाइक के लिए भी नियम सख्त

साइकिल, स्कूटर और मोटरसाइकिल जैसे सामानों को भी ब्रेकवान में बुक कराना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर न्यूनतम जुर्माना लगाया जा सकता है।

## वन्यजीव और पक्षियों के लिए विशेष अनुमति जरूरी

किसी भी प्रकार के पक्षी या वन्यजीव को ले जाने के लिए सक्षम प्राधिकरण की अनुमति जरूरी होगी। बिना अनुमति ऐसे मामलों की सूचना संबंधित विभाग को दी जाएगी।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले अपने पालतू जानवरों की नियमानुसार बुकिंग कराएं और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि जुर्माने और असुविधा से बचा जा सके।

# मन की बात कार्यक्रम में सलूंबर जिला अव्वल, 355 बूथों पर 100% प्रसारण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय जनता पार्टी, उदयपुर देहात। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो संवाद कार्यक्रम "मन की बात" के 133वें संस्करण में सलूंबर विधानसभा ने संगठनात्मक दक्षता का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। विधानसभा क्षेत्र के सभी 355 बूथों पर कार्यक्रम का प्रसारण सुनने के साथ उसे ऑनलाइन "सरल एप" पर शत-प्रतिशत अपलोड किया गया। भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि यह उपलब्धि संगठन के लिए अब तक की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली के नेतृत्व में बूथ स्तर तक कार्यक्रम पहुंचाने की जो रणनीति बनाई गई, उसे कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जमीन पर उतारा।

## मंडलों में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि

सलूंबर विधानसभा के मेवल, सलूंबर नगर, छप्पन, सराड़ा और मल्लाड़ा मंडलों में सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर सफलतापूर्वक "सरल एप" पर अपलोड किया गया। वहीं सलूंबर जिले में शामिल धरियावद विधानसभा के लसाड़िया, झल्लारा और भबराना मंडलों के 173 बूथों तथा सेमारी मंडल के 56 बूथों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर अपलोड किए गए।

## देहात जिला प्रदेश में टॉप-10 में

जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली ने बताया कि उदयपुर देहात जिला भौगोलिक और संगठनात्मक दृष्टि से बड़ा होने के बावजूद कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से 2033 में से 1900 बूथों पर "मन की बात" कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। यह उपलब्धि संभाग में अव्वल रहने के साथ ही प्रदेश में जिले को टॉप-10 में स्थान दिलाने वाली रही है। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ घंटों में शेष कार्यक्रमों के अपलोड होने के बाद जिले की रैंकिंग प्रदेश के टॉप-5 में पहुंचने की संभावना है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।